**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**


## हिंदी विवि में बेल्जियम के विद्यार्थियों को दी विदाई

वर्धा, दि. 29 दिसंबर 2023: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय हिंदी शिक्षण विभाग के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए परास्नातक हिंदी कार्यक्रम में प्रवेशित बेल्जियम के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर विदाई दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया ने की। बेल्जियम के घेंट विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं बेल्जियम निवासी आलमा शेख, माया सेवनंत एवं रो दबवैय ने विश्वविद्यालय में 12 सप्ताह का पाठ्यक्रम सफलता पूर्वक पूर्ण किया। इस





अवसर पर कुलसचिव डॉ. कठेरिया एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदी शिक्षण विभाग के अध्यक्ष, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति, कला एवं हिंदी भाषा को लेकर अपने अनुभव साझा किए। तुलसी भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तुलनात्मक साहित्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. रामानुज अस्थाना, हिंदी साहित्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी, सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार, श्री चमनलाल प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफसर डॉ. राजीव रंजन राय, अनुवाद अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. श्रीनिकेत मिश्र, संस्कृत विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रदीप, डॉ. जितेंद्र, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे, श्रीलंका के पीएचडी शोधार्थी ब्रसील वितान तथा उमाशंकर, रामबरन, ज्ञानेश्वर चौधरी उपस्थित थे।


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

## हिंदी विश्वविद्यालयात बेल्जियमच्या विद्यार्थ्यांना निरोप

वर्धा, दि. 29 डिसेंबर 2023: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील आंतरराष्ट्रीय हिंदी अध्यापन विभागांतर्गत आंतरराष्ट्रीय विद्यार्थ्यांसाठी पदव्युत्तर हिंदी कार्यक्रमात प्रवेश घेतलेल्या बेल्जियमच्या विद्यार्थ्यांना प्रमाणपत्रे देऊन निरोप देण्यात आला. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया होते. बेल्जियमच्या घेंट विश्वविद्यालयातील विद्यार्थी व बेल्जियम येथील रहिवासी आलमा शेख, माया सेवनंत आणि रो दबवैय यांनी विश्वविद्यालयातील 12 आठवड्यांचा अभ्यासक्रम यशस्वीपणे पूर्ण केला. यावेळी कुलसचिव डॉ. कठेरिया आणि आंतरराष्ट्रीय हिंदी अध्यापन विभागाचे प्रमुख, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह यांनी विद्यार्थ्यांचेअभिनंदन करून त्यांना भविष्यासाठी शुभेच्छा दिल्या.विद्यार्थ्यांनी अभ्यासक्रमा दरम्यान भारतीय संस्कृती, कला आणि हिंदी भाषा यासंबंधीचे त्यांचे अनुभव सांगितले. तुलसी भवन मध्ये आयोजित कार्यक्रमात तुलनात्मक साहित्य विभागाचे अध्यक्ष डॉ. रामानुज अस्थाना, हिंदी साहित्य विभागाचे एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी, सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार, श्री चमनलाल प्रवासन आणि डायस्पोरा अध्ययन विभागाचे सहायक प्रोफसर डॉ. राजीव रंजन राय, अनुवाद अध्ययन विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. श्रीनिकेत मिश्र, संस्कृत विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रदीप, डॉ. जितेंद्र, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे, श्रीलंके चे पीएचडी शोधार्थी ब्रसील वितान आणि उमाशंकर, रामबरन, ज्ञानेश्वर चौधरी उपस्थित होते।

-----------------------------------------------------

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305